कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-18.03.2023

थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा चोरी की मोटर साइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त शेखर राम पुत्र रमेश निवासी ग्राम उधोरामपुर थाना चोलापुर वाराणसी को चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल के साथ दिनांक-17.03.2023 को समय 16.10 बजे वनशक्ति देवी पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चोलापुर में मु0अ0सं0- 108/2023 धारा 41/411/414/420/467/468/471 भा0द0वि0 पंजीकृत कर, आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 17.03.2023 को थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जौनपुर बार्डर स्थित वनशक्ति देवी पुल के पास संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति चोरी की मोटर साइकिल के साथ जौनपुर की तरफ से आ रहा है इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा जौनपुर की तरफ से आने वाले वाहनों की सघनता से चेकिंग शुरू कर दी गयी तभी जौनपुर की तरफ से आ रही एक अपाचे मोटर साइकिल को रुकने का इशारा किया गया तो अचानक मोटर साइकिल को वापस मोड़कर पीछे की ओर भागने का प्रयास किया और अपना संतुलन खोकर लड़खड़ाने लगा जिसको पुलिस टीम द्वारा बिना मौका दिये घेर कर पकड़ लिया गया। उक्त अपाचे मोटर साइकिल जिसका नंबर UP 65 BX 0823 तथा चेचिस नंबर MD634BE40H2F01197 अंकित है, की जाँच की गयी तो यह पता चला कि मोटर साइकिल मे लगा नम्बर प्लेट फर्जी है तथा वास्तविक नंबर यूपी 65 सीवी 1401 है जिसके सम्बन्ध में थाना चन्दवक जनपद जौनपुर में मु0अ0सं0 0052/2023 धारा 379 भादवि पंजीकृत है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

शेखर राम पुत्र रमेश निवासी ग्राम उधोरामपुर थाना चोलापुर वाराणसी उम्र करीब 25 वर्ष।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0-108/2023 धारा 41/411/414/420/467/468/471 भादवि थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 - 0052/2023 धारा 379 भादवि थाना चन्दवक जनपद जौनपुर।

बरामदगी का विवरण-

वाहन संख्या UP 65 BX 0823 अपाचे रंग सफेद चेचिस नंबर MD634BE40H2F01197 ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 राजदर्पण तिवारी थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 विकास पाण्डेय थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।
3. का0 विकास कुमार थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 सत्यप्रकाश यादव थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी